# खाद वितरण में गड़बड़ी : कांग्रेस ने किया कलेक्ट्रेट का घेराव



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर,29सितम्बर।** श्योपुर जिले में किसानों की समस्याओं को लेकर सोमवार दोपहर किसान कांग्रेस ने कलेक्ट्रेट के बाहर धरना प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष जसवंत सिंह मीणा के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। श्योपुर विधायक बाबू जंडेल और विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा भी किसानों के समर्थन में मौजूद रहे। किसानों ने चंबल नहर में पानी छोड़े जाने और विजयपुर में खाद वितरण की गड़बड़ियों को लेकर विरोध जताया। जिला अध्यक्ष मीणा ने बताया कि श्योपुर जिला कृषि आधारित है और चंबल नहर यहां की जीवन रेखा है। यह नहर 8 जुलाई से टूटी हुई है, जिसकी मरम्मत अब तक पूरी नहीं हो पाई है। इसके कारण किसानों की धान की फसलें सूखने की कगार पर हैं। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि 5 अक्टूबर तक नहर की मरम्मत कर पानी नहीं छोड़ा गया तो किसान कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी। प्रदर्शन के दौरान विजयपुर क्षेत्र में डीएपी खाद की मांग कर रहे किसानों पर अधिकारियों द्वारा की गई कथित असंवैधानिक कार्रवाई की भी कड़ी निंदा की गई। किसानों ने आरोप लगाया कि खाद की मांग करने पर उन्हें परेशान किया गया और कुछ किसानों को जेल भी भेजा गया, जो अन्यायपूर्ण है। किसान कांग्रेस ने दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

धरना प्रदर्शन के बाद किसानों ने अपनी मांगों का एक ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर संजय जैन को सौंपा। ज्ञापन में स्पष्ट किया गया है कि यदि समय रहते किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन तेज किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस अवसर पर विधायक बाबू जंडेल और मुकेश मल्होत्रा ने किसानों के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। विधायक बाबू जंडेल ने कहा कि यदि किसानों की समस्याओं पर समय पर सुनवाई नहीं हुई तो वे अनशन पर भी बैठ जाएंगे। धरना प्रदर्शन के दौरान किसान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और किसानों ने नारेबाजी करते हुए प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया।

# विभीषण शरणागति व सेतु बंध रामेश्वर लीला का हुआ मंचन

## रामतलाई हनुमान मंदिर पर चल रहा रामलीला महोत्सव



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर,29सितम्बर।** शहर रामतलाई हनुमान मंदिर पर श्री रामलीला समारोह समिति द्वारा आयोजित किए जा रहे रामलीला समारोह में रविवार की रात विभीषण शरणागति व सेत बंध रामेश्वर लीला का मंचन किया गया। रोजना बड़ी संख्या में दर्शक रामलीला देखने पहुंच रहे हैं।

रामलीला में पात्रों ने लीला का मंचन करते हुए बताया कि, भक्त विभीषण को रावण द्वारा त्याग देने पर भगवान राम की शरण में आना यहां भगवान राम ने लंका के राज पाठ का तिलक किया। भक्त विभीषण का पीछा करते हुए लंका से रावण के गुप्तचर सुख एवं सारण राम दल में पहुंचते हैं। यहां उनको पहचान लिया जाता है। रामा दल की सेना सुख और सारण को सजा देने लगती है तब उन्होंने भगवान राम की शपथ देखकर अपने आप को बचाया। इस बार लक्ष्मण जी द्वारा सुख और सारण को एक पत्र के माध्यम से रावण को संदेश देते हैं वह संदेश ले जाकर रावण को सुनाया जाता है। संदेश सुनने के बाद सुख-सारण रामा दल का बखान करते हैं, जिस पर रावण नाराज होकर दोनों को लंका से भगा देता है। भगवान राम द्वारा समुद्र देव को मनाया जाता है। पुल निर्माण के पूर्व भगवान राम द्वारा भगवान शिव की स्थापना समुद्र कि नारे लगाए जाते हैं, जो कि भारत का प्रसिद्ध तीर्थ स्थल रामेश्वरम के नाम से जाना जाता है। पुल निर्माण पूर्ण होने पर भगवान राम की वानर सेना लंका पहुंचती है।

## एक नजर में

### चंबल नहर में पानी छोड़ने की मांग को लेकर सिंधिया से की मुलाकात



श्योपुर। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक ब्रजराज सिंह चौहान ने सोमवार को दिल्ली में केंद्रीय दूरसंचार एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मंत्रालय में मुलाकात कर श्योपुर जिले में किसानों की धान की फसलों को सिंचाई के लिए नहर का पानी नही मिलने से फसल सूख कर बर्बाद हो रही है जिसके लिए चंबल केनाल में कोटा बैराज राजस्थान से चंबल नहर में शीघ्र पानी छोड़ने के मध्यप्रदेश के सिंचाई मंत्री तुलसी सिलावट को निर्देशित करने का निवेदन किया। ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा मध्यप्रदेश सरकार के जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट को राजस्थान के कोटा बैराज से मध्यप्रदेशकी चंबल केनाल में पानी छुड़वाने की कार्यवाही करने के लिए फोन कर निर्देशित किया जिससे श्योपुर जिले के किसानों को शीघ्र नहर का पानी उपलब्ध हो सके।

### पुरानी रंजिश पर दो पक्षों में चले लाठी-डंडे

श्योपुर। मानपुर थाना क्षेत्र के बहरावदा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी-गंडासे चल गए। जिसमें दोनो तरफ से दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ क्रॉस मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बहरावदा निवासी मुंशी मीणा व भीमराज मीणा के बीच पुरानी रंजिश चल रही थी, जिसके चलते रविवार की दोपहर दोनों बीच फिर से झगड़ा हो गया है। बात इतनी आगे बढ़ गई कि दोनों पक्ष के लोगों ने लाठी-गंडासे से एक-दूसरे पर हमला कर दिया। जिसमें एक से मुंशी मीणा व दूसरी तरफ से भीमराज घायल हुए हैं। पुलिस ने पहले पक्ष के मुंशी पुत्र लक्ष्मीनारायण मीणा की रिपोर्ट पर रामभरत मीणा, भीमराज पुत्रगण खेतूराम मीणा तथा दूसरे पक्ष के भीमराज पुत्र खेतुराम मीणा की रिपोर्ट पर रामराज मीणा, मुंशी, महेश पुत्रगण लक्ष्मीनारायण मीणा के खिलाफ मारपीट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस 01 अक्टूबर को

श्योपुर। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस 01 अक्टूबर के उपलक्ष्य में सामाजिक न्याय विभाग द्वारा प्रेरणा वृद्धाश्रम में कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। सामाजिक न्याय विभाग की सहायक संचालक शशिकिरण इक्का ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस 01 अक्टूबर के अवसर पर श्री गणराज सेवा समिति के सहयोग से पाली रोड पर संचालित प्रेरणा वृद्धाश्रम में वृद्धजन सम्मान समारोह का आयोजन दोपहर 12 बजे से आयोजित किया गया है। इसके पूर्व प्रात: 7.30 बजे योग प्रणायाम एवं खेल गतिविधियां, प्रात: 9.30 बजे स्वल्पाहार, प्रात: 10 बजे से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर तथा प्रात: 11 बजे से 12 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगे, दोपहर 01 बजे सहभोज के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

### विश्व ह्दय दिवस पर हद्य की हुई जांच

श्योपुर। विश्व हद्य दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल श्योपुर में बच्चों की हद्य की जांच की गई। शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ संजय मंगल द्वारा की गई जांच में दो बच्चों को ईको जांच के लिए हायर सेंटर रैफर किया गया। आरबीएसके प्रभारी श्रीमती स्नेहलता गुर्जर ने बताया कि विश्व हद्य दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत बच्चों के हद्य की जांच की गई। जांच एवं परीक्षण शिविर में डॉ संजय मंगल द्वारा 60 बच्चों के हद्य का चैकअप किया गया।

### कॉलेज में रक्तदान शिविर आज

श्योपुर। सेवा पखवाडा अंतर्गत रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा शासकीय पीएमश्री एक्सीलेंस कॉलेज श्योपुर में 30 सितंबर को प्रात: 10.30 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। रेडक्रॉस सचिव दिनेश दुबोलिया ने बताया कि सेवा पखवाडा अंतर्गत रक्तदान महाअभियान के क्रम में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है।

### सेवा पखवाडा अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता आयोजित

श्योपुर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय श्योपुर में सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार विषय पर निबंध प्रतियोगिता एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रियंका प्रजापति ,द्वितीय स्थान रिया प्रजापति, व तृतीय स्थान प्रिया यादव ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओ पी शर्मा ने स्वास्थ्य के संबंध में विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए नियमित योग, व्यायाम के साथ ही पोषण आहार के सेवन के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर डॉ. विपिन बिहारी शर्मा, डॉ. संगीता शाक्य, डॉ. साजिद अली, डॉ. संगीता शाक्य, डॉ. उर्मिला बाथम, डॉ. ज्योत्सना मेघवाल आदि मौजूद रहें।

### सेवा पखवाड़ा अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

श्योपुर। आनंद विभाग के नोडल अधिकारी रूपेश उपाध्याय के निर्देशन में मध्यप्रदेश राज्य आनंद संस्थान आनंद विभाग से पंजीकृत संस्था अजलान सेवा समिति द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोईकला में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 9 से लेकर 12 वीं तक के 50 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी रचनात्मक भूमिका निभाई, स्वच्छता और देशभक्ति राष्ट्रवाद पर आधारित की गई चित्रकला में छात्रों ने स्वच्छता को जीवन में उतराने का संकल्प भी लिया अजलान समिति के अध्यक्ष राजा खान ने बताया बताया कि सेवा पखवाडा अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है चित्रकला आयोजन का उद्देश्य छात्रों ने स्वच्छता देशभक्ति और राष्ट्रवाद की भावना विकसित करना है। इस कार्यक्रम में प्राचार्य अनिल भदौरिया ने छात्रों को बताया कि चित्रकला प्रतियोगिता से हमारे अंदर रचनात्मक गुणों का विकास होता है। इस अवसर पर वोकेशन ट्रेनर जगदीश माहौर संस्था सचिव मुकेश मीणा उपस्थित रहे।

# आधी रात नाले में दिखा मगरमच्छ, वन विभाग से भी नहीं मिली मदद



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर,29सितम्बर।** जिले के राडेप गांव में रविवार रात करीब दो बजे के बीच एक मगरमच्छ दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। मगरमच्छ गांव के नाले के पास देखा गया। ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग को इसकी सूचना दी, लेकिन देर रात होने के कारण विभाग की ओर से कॉल रिसीव नहीं किया गया।

ग्रामीणों के अनुसार, मगरमच्छ काफी देर तक नाले के किनारे मौजूद रहा। गांव के युवाओं ने उस पर नजर रखी। ग्रामीणों को आशंका थी कि मगरमच्छ गांव की ओर बढ़ सकता है और किसी पर हमला कर सकता है। कुछ देर बाद मगरमच्छ नाले के पानी में चला गया और फिर दिखाई नहीं दिया। इस घटना के बाद से ग्रामीणों में भय का माहौल है। गांव के बुजुर्गों ने अनुमान लगाया है कि मगरमच्छ किसी बड़े जल स्रोत से बहकर नाले में आया होगा। मगरमच्छ के अचानक गायब होने से ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों ने सुबह फिर से वन विभाग को सूचित किया है और तत्काल कार्रवाई की मांग की है। सुरक्षा के मद्देनजर, गांव में बच्चों और महिलाओं को नाले के आसपास जाने से रोका गया है। ग्रामीण समूह बनाकर सतर्कता बरत रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि वन विभाग समय पर कार्रवाई नहीं करता है, तो मगरमच्छ किसी भी समय बड़ी जनहानि का कारण बन सकता है।

# श्योपुर को मिली पहली महिला जिला पंचायत सीईओ



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 29 सितम्बर।** करीब पौने दो महीने से प्रभारी के भरोसे चल रहे श्योपुर के जिला पंचायत सीईओ की जिम्मेदारी अब आईएएस सौभ्या आनंद संभालेंगी। भोपाल से जारी किए आदेश में सौभ्या आनंद को श्योपुर जिला पंचायत सीईओ के रूप में नई पदस्थापना दी है. वर्तमान में आईएएस सौभ्या आनंद शहडोल जिले में सहायक कलेक्टर के रूप में पदस्थ है. जहां से उन्हें श्योपुर में जिला पंचायत सीईओ बनाकर भेजा गया है। यह श्योपुर जिले के इतिहास में पहला अवसर है, जब कोई लेडी आईएएस अफसर की श्योपुर जिला पंचायत सीईओ के रूप में पदस्थापना हुई है।

उम्मीद जताई जा रही है कि श्योपुर की नवागत जिला पंचायत सीईओ आईएएस सौभ्या आनंद जल्द ही श्योपुर पहुंचकर अपना पदभार संभालेगी। बता दें कि श्योपुर के जिला पंचायत सीईओ अतेन्द्र सिंह गुर्जर के 7 अगस्त को तबादला आदेश के पालन में रिलीव हो जाने के बाद से श्योपुर जिला पंचायत सीईओ पद रिक्त बना हुआ है। अतिरिक्त प्रभार के रूप में जिला पंचायत सीईओ की जिम्मेदारी अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय संभाल रहे है। लेकिन अब शासन स्तर से श्योपुर जिला पंचायत सीईओ के पद पर आईएएस सौभ्या आनंद की पदस्थापना कर दी है। आईएएस सौभ्या आनंद के श्योपुर में अपनी आमद दर्ज कराने के बाद श्योपुर जिले में एक साथ तीन आईएएस अफसरों की तैनाती हो जाएगी। इसको लेकर जिले के लोगो को उम्मीद बंध गई कि एक साथ तीन आईएएस अफसरों के जिले में काम करने से यहां के प्रशासनिक कामकाज की चाल में तेजी आना तय है। पंचायत स्तर के जो अधिकारी ढीलपोल भरे अंदाज में प्रशासनिक काम को अंजाम दे रहे है, वे अधिकारी अब सक्रिय होकर काम करने लग जाएंगे। जो अधिकारी ऐसा नहीं कर पाएंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई होने की बात भी प्रशासनिक गलियारों में अभी से सुनाई देने लगी है।

### वर्ष 2021 बैंच की आईएएस अफसर हैं सौभ्या आनंद

जिला पंचायत सीईओ बनाई गई सौम्या आनंद वर्ष 2021 बैच की आईएएस अफसर है. वैसे तो सौभ्या आनंद मूल रूप से हरियाणा की रहने वाली है.लेकिन आईएएस अफसर चनने के बाद उन्हें तमिलनाडू कैडर मिला था.लेकिन आईएएस अधिकारी संघ प्रिय से शादी होने के चलते उनका कैडर बदलकर मध्यप्रदेश कैडर किया गया है। क्योंकि आईएएस अफसर संघ प्रिय वर्ष 2018 बैच के मप्र कैडर के अधिकारी है।

### कलेक्टर और एसडीएम के रूप में दो आईएएस अफसर पहले से पदस्थ हैं श्योपुर जिले में

आईएएस सौम्या आनंद के श्योपुर जिला पंचायत सीईओ का पदभार संभालने के बाद श्योपुर जिले में पदस्थ आईएएस अफसरों की संख्या तीन हो जाएगी. क्योंकि अभी श्योपुर जिले में आईएएस अफसर के रूप में कलेक्टर अर्पित वर्मा और एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा पदस्थ बने हुए है। इनके कामकाज के तरीके से जिले के लोग संतुष्ट नजर भी आ रहे है। यह आईएएस अर्पित वर्मा के कामकाज से संतुष्ट होने का ही परिणाम है कि जिले के लोग बड़ी संख्या में अपनी समस्याओं के निदान की उम्मीद लेकर जनसुनवाई में पहुंच रहे हैं।

# बरगवां क्षेत्र में न पर्याप्त वोल्टेज नही मिलने से परेशान है किसान



## भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर,29सितम्बर।** भारतीय किसान संघ ने बरगवां क्षेत्र में बिजली की समस्या को लेकर सोमवार को धरना देकर मुख्यमंत्री एवं विद्युत महा प्रबंधक को पत्र देकर विद्युत समस्या को दुरुस्त करने के लिए ज्ञापन सौंपा।


किसान संघ जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि वर्तमान में खरीफ की फसल के लिए पानी की आवश्यकता है एवं अति वर्षा के कारण नष्ट हुई ज्वार, सोयाबीन, मक्का, मूंग, तिल्ली आदि के खेतों में पल्लेवा हेतु पानी की आवश्यकता है लेकिन देखने में आ रहा है कि ना तो पूरे समय 10 घंटे किसानों को लाइट मिल पा रही है जो मिलती है उसमें आधे समय तो तार टूटना या अन्य कारणों से बंद बनी रहती है ना ही पूरे 440 वोल्टेज उपलब्ध हो पा रहे हैं जिससे आए दिन किसानों के समर्सिबल मोटर है खराब हो रही है इसकी पूर्व में भी किसान संघ विद्युत महाप्रबंधक महोदय एवं कलेक्टर को अवगत करा चुका है, किंतु विद्युत की व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ अत: स्थिति में यदि शीघ्र सुधार नहीं हुआ तो मजबूरन किसान संघ को आंदोलन की तैयारी करना पड़ेगा। इस अवसर पर शंकर सिंह सरपंच, दिलीप सिंह, भेरूलाल, चंदन सिंह, सलाम सिंह, ज्ञान सिंह, नर्सिंग जवान सिंह, रंगलाल, सूरज, बिल्ला, सरदारभील, भीमसिंह जाट, गुरप्रीतसिंह ढिल्लों, निर्मलसिंह, नरेंद्र सिंह चौधरी एवं सैकड़ों की संख्या में किसान उपस्थित थे।

# पुलिस ने चलाया रात भर चला कॉम्बिंग गस्त, हत्थे चढे 55 आरोपी

## ईनामी फरार बदमाशों की गिरफ्तारी सहित गुंडा बदमाश हिस्ट्रिशीटर एवं जिलाबदर आरोपियों को किया चैक

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर,29सितम्बर।** एसपी सुधीर अग्रवाल द्वारा ईनामी फरारी बदमाशों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे धरपकड अभियान के तहत रविवार की रात अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण भूरिया की मॉनीटरिंग में जिले में सभी थाना क्षेत्रों में रात्रि में कॉम्बिंग ग़स्त चलाया गया , जिसमें पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए ईनामी, फ़रारी, स्थायी वारंटी, गिरफ़्तारी वारंटियों को तामील कराये जाने सहित जिले भर के गुंडा बदमाश हिस्ट्रीशीट बदमाशों को चेक किया गया साथ ही जिलाबदर किए गये बदमाशों की चैकिंग की गई। इस दौरान पुलिस द्वारा 02 जिला बदर अपराधी, 12 हिस्ट्रीशीटरों और 48 गुण्डा-बदमाशों को चैक किया गया। इसके अलावा 12 स्थाई वारंटी सहित 59 गिरफ्तारी वारंट तामील कराए गए। कॉम्बिंग गस्त ऑपरेशन पुलिस द्वारा प्रभावी मुखबिरी व सूचना तंत्र के फलस्वरूप 12 स्थाई वारंटी, 47 गिरफ्तारी वारंटी को तामील करने में सफलता प्राप्त की।10 साल से फरार स्थाई वारंटी के अतिरिक्त लूट-डकैती अपराधों में संलिप्त रहे 04 स्थाई वारंटियों को किया गिरफ्तार।पुलिस द्वारा वर्ष 2015 से फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया गया इसके अतिरिक्त लूट-डकैती के गंभीर अपराध में संलिप्त रहे 04 स्थाई वारंटी भी तामील किए गए।

# बागवाली माता मंदिर में पूरी होती हैं श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं



**नवभारत न्यूज**
**सबलगढ़,29सितम्बर।** सबलगढ़ तहसील के रामपुर कलां कस्बे में स्थित ऐतिहासिक बागवाली माता मंदिर इन दिनों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना हुआ है। नवरात्र शुरू होते ही यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है

लोगों का मानना है कि माता के दरबार में सच्चे मन से माथा टेकने पर हर मनोकामना पूर्ण हो जाती है। यही वजह है कि नवरात्र के पावन अवसर पर न सिर्फ क्षेत्रीय श्रद्धालु बल्कि बाहरी राज्यों से भी बड़ी संख्या में लोग यहां दर्शन के लिए पहुंचते हैं। मंदिर कमेटी और पुजारी ने मंदिर के इतिहास की जानकारी देते हुए बताया कि 300 वर्ष पूर्व शौर्य और आस्था की मिसाल राव राजा अमर सिंह खांडेराव अपने परिवार जनों के साथ पहुंचे कोलकाता काली देवी के दर्शन करने। दर्शन कर लौटते समय राजा साहब ना केवल माता काली की भक्ति में लीन रहे बल्कि माता की प्रतिमा को अपने साथ लेकर आए। कहा जाता है कि उसी क्षण से इस क्षेत्र में माता काली की भक्ति और आस्था का नया अध्याय शुरू हुआ। आज भी लोग उसे ऐतिहासिक प्रसंग को याद करते हैं जब राजा साहब स्वयं कोलकाता से काली माता को यहां लाए थे। राजा साहब की आस्था और श्रद्धा ने पूरे क्षेत्र में माता काली के प्रति अटूट विश्वास की नींव रखी चूँकि मंदिर बाग के बीच बनाया गया था, इसलिए इसका नाम पड़ा बागवाली महाकाली देवी माता मंदिर समय के साथ मंदिर की ख्याति दूर-दूर तक फैल गई और यह क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र बन गया। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए मंदिर कमेटी ने यात्रियों के ठहरने के लिए धर्मशालाओं और कमरों का निर्माण कराया है यहां आने वाले श्रद्धालुओं को उत्तम रहने की व्यवस्था मिलती है। कमेटी अध्यक्ष ने बताया कि महा अष्टमी और दुर्गा पूजा जैसे बड़े अवसरों पर किसी भी श्रद्धालु को असुविधा न हो, इसके लिए विशेष इंतज़ाम किए जाते हैं। साफ-सफाई, सुरक्षा और भोजन की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाता है। मंदिर परिसर में माता की भव्य प्रतिमा के साथ ही शिव परिवार, हनुमान जी और राम दरबार की आकर्षक मूर्तियां भी स्थापित की गई हैं, जो श्रद्धालुओं को गहरी भक्ति और शांति का अनुभव कराती हैं। आज बागवाली माता मंदिर सिर्फ एक पूजा स्थल ही नहीं, बल्कि श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक बन चुका है, जहां हर भक्त अपनी झोली भरकर लौटता है।

# 5 हजार 328 रूपये प्रति क्विंटल का लाभ प्रदाय किया जायेगा

## सोयाबीन में भावांतर योजना के संबंध में शासन निर्देश

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर,29सितम्बर।** सोयाबीन में भावांतर योजना के संबंध में नाना प्रकार के भ्रम एवं मिथक को लेकर शासन द्वारा स्पष्ट निर्देश जारी किये है, जिससे किसानों को उनकी उपज का पूरा लाभ मिलेगा। जारी निर्देशो के तहत भावांतर योजना में किसान की जितनी उपज है, सरकार उसको भावांतर योजना अन्तर्गत लाभ प्रदान करेगी। इसका मतलब यह है कि किसी भी किसान को उसकी उपज की राशि रु. 5328 प्रति क्विंटल का लाभ प्रदाय किया जाएगा। किसान बंधु अपने सोयाबीन के रकबे और उत्पादकता के आधार पर मंडी में सोयाबीन का भावान्तर योजना में लाभ प्राप्त कर सकेंगे। इसका मतलब यह है कि 40 प्रतिशत की ही विक्रय बाध्यता नहीं हैं। राज्य शासन द्वारा किसान के रकबे और उत्पादकता के आधार पर उपज को मंडी में भावांतर योजना में लाभ प्रदान करेगी। इससे अधिक मात्रा पर भी राज्य शासन द्वारा भावान्तर की राशि का लाभ कृषकों को उनके खाते में प्रदान किया जाएगा। दूसरा भ्रम यह है कि व्यापारी द्वारा कार्टेल बनाकर रेट कम कर दिया जाएगा, जबकि खुली नीलामी कैमरे की निगरानी में होगी, जिसमें जिला प्रशासन का प्रतिनिधि उपस्थित रहेगा।

# 486 रोगियों की हुई जांच, 43 ने किया रक्तदान

**श्योपुर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अंतर्गत स्वास्थ्य केन्द्रों पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बडौदा एवं कराहल में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किये गये, जिसमें जिला स्तरीय मेडिकल दल द्वारा 299 महिलाओं सहित 486 रोगियों को उपचार प्रदान किया गया। इसके साथ ही स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 43 यूनिट रक्त का संग्रहण भी हुआ। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बडौदा में आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ नगरपरिषद अध्यक्ष बडौदा भरोषी बाई सुमन द्वारा किया गया।

बडौदा में आयोजित शिविर में 169 महिलाओं सहित 311 रोगियों की जांच की गई। 169 महिलाओं में से 30 महिलाओं की एमसीडी जांच एवं 20 की एएनसी जांच कर टीकाकरण किया गया, 31 महिलाओं की सिकल सेल एनीमिया जांच की गई। 16 रोगियों का एक्स-रे कर परीक्षण किया गया।

# मुख्यमंत्री ने वन क्लिक से छात्रों की फीस सीधे खाते में जमा कराई



**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर,29सितम्बर।** आरटीई अंतर्गत प्रदेश में साढे आठ लाख छात्र निशुल्क अशासकीय विद्यालयों में प्रवेशित हैं जिन्हें सरकार फीस की प्रतिपूर्ति प्रतिवर्ष करती है । आज मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा वन क्लिक के माध्यम से ऐसे छात्रों की फीस सीधे स्कूल के खातों में वन क्लिक के माध्यम से डाली गई जिसका सीधा प्रसारण भोपाल से किया गया । छात्रों और बालकों को जागरूक करने और निशुल्क प्रवेश का लाभ लेने के लिए सीधा लाइव प्रसारण कराया गया । लाइव प्रसारण को विकासखंड विजयपुर के अंतर्गत भी सभी अशासकीय विद्यालय में कराया गया जिसमें ब्राइट फ्यूचर स्कूल विजयपुर में मुख्य अतिथि के रूप में तुरशन पाल बरैया आदिवासी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त मंडल अध्यक्ष शुभम मुद्गल, बीआरसी अशोक शर्मा , जन शिक्षक कमल किशोर शर्मा शाला संचालक चतुर्वेदी, समस्त स्टाफ एवं छात्र लाइव प्रसारण सुनने के लिए उपस्थित हुए। लाइव प्रसारण कुछ विद्यालयों ने मात्र फॉर्मेलिटी पूरी की गई और मोबाइल पर लाइव प्रसारण कराया । उन विद्यालयों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं एवं शासन की योजनाओं का पर्याप्त प्रचार प्रसार ना होने के कारण छात्र लाभान्वित होने से वंचित हो जाते हैं इसके लिए आरसीसी द्वारा उन विद्यालय को नोटिस जारी किए जा रहे हैं ।